

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय
यातायात पुलिस दिल्ली

# यातायात निर्देशिका

## सैन्य टैटू और जनजातीय नृत्य कार्यक्रम

## 23 और 24 जनवरी, 2023

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

## जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली में दिनांक 23 और 24 जनवरी 2023, को "सैन्य टैटू और जनजातीय नृत्य कार्यक्रम" के मद्देनजर किये गए यातायात परिवर्तन के संबंध में

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23 और 24 जनवरी 2023 को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में एक "सैन्य टैटू और जनजातीय नृत्य कार्यक्रम" का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 50,000 लोगों के इस कार्यक्रम को देखने के लिए आने की उम्मीद है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कार्यक्रम को देखने के लिए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की पूरी क्षमता के अलावा विभिन्न नागरिक और सैन्य वीवीआईपी / वीआईपी और गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में दर्शक आएंगे, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में और उसके आसपास कुछ यातायात प्रतिबंध प्रस्तावित किए जा रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने और दर्शकों के लिए आवाजाही में आसानी और किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए आम जनता के लिए कुछ निर्देश प्रस्तावित हैं।




## आम जनता के लिए निर्देश:–

- निर्दिष्ट स्थानों पर ही पार्क करें।
- कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।
- अस्पतालों, आईएसबीटी, रेलवे स्टेशनों या हवाई अड्डे तक पहुँचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें।



## यातायात प्रतिबंध / परिवर्तन:–

कार्यक्रम के दिनों में पाबंदियों के कारण प्रभावित होने वाले मुख्य मार्ग इस प्रकार हैं:–

1. लोधी रोड से एंड्रयूज गंज फ्लाईओवर तक भीष्म पितामह मार्ग
2. लोधी रोड
3. मैक्स मूलर मार्ग
4. महर्षि रमण मार्ग
5. आर्क बिशप मार्ग
6. सुब्रमण्यम भारती मार्ग
7. लाला लाजपत राय मार्ग

## यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नीचे दिए गए मार्गों के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं:–

प्रतिबंधों के मद्देनजर यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे दिनांक 23 और 24 जनवरी–2023 को 1100 से 2100 बजे के बीच उपरोक्त हिस्सों / मार्गों से बचें। इसलिए, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निम्नानुसार अन्य मार्गों का अनुसरण करें:–

| क्र. सं | डायवर्जन प्वाइंट का नाम | सुझावात्मक मार्ग |
|---|---|---|
| 1. | एंड्रयूज गंज चौराहा ट्रैफिक सिगनल (बसों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए) | भीष्म पितामह मार्ग पर किसी भी भारी वाहन (बसों और वाणिज्यिक वाहनों) को अनुमति नहीं दी जाएगी। इन वाहनों को सलाह दी जाती है कि वे रिंग रोड पर सीधे जाएं और लाला लाजपत राय मार्ग या अरबिंदो मार्ग होते हुए एम्स फ्लाईओवर से नई दिल्ली क्षेत्र की ओर जाएं। |
| 2. | महर्षि रमन मार्ग – सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रॉसिंग | महर्षि रमण मार्ग से लोधी रोड पर बसों सहित किसी भी भारी वाहन/व्यावसायिक वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। यात्रियों को लाजपत नगर, एम्स, रिंग रोड की ओर जाने के लिए सुब्रमण्यम भारती मार्ग और डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, R/A नीला गुंबद का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है। |
| 3. | मैक्स मूलर मार्ग – सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रॉसिंग | महर्षि रमण मार्ग से लोधी रोड पर बसों सहित किसी भी भारी वाहन/व्यावसायिक वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। यात्रियों को लाजपत नगर, एम्स, रिंग रोड की ओर जाने के लिए सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग और डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग और R/A नीला गुंबद का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है। |
| 4. | आर्क बिशप मार्ग – सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रॉसिंग | महर्षि रमण मार्ग से लोधी रोड पर बसों सहित किसी भी भारी वाहन/व्यावसायिक वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। यात्रियों को लाजपत नगर, एम्स, रिंग रोड की ओर जाने के लिए सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग और R/A नीला गुंबद का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है। |
| 5. | लोधी रोड फ्लाईओवर के नीचे | लोधी रोड की ओर किसी भी भारी वाहन (बसों और वाणिज्यिक वाहनों) को अनुमति नहीं दी जाएगी। नई दिल्ली की ओर से आने वाले यात्रियों को लाजपत नगर, आईएनए, एम्स, रिंग रोड जाने के लिए लाला लाजपत राय मार्ग का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है। मूलचंद अस्पताल फ्लाईओवर की ओर से आने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे नई दिल्ली की ओर जाने के लिए नीला गुम्बद होते हुए मथुरा रोड का अनुसरण करें। |
| 6. | मदरसा "T"– पॉइंट, लोधी रोड – अरबिंदो मार्ग क्रॉसिंग | लोधी रोड, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की ओर किसी भी भारी वाहन (बसों और वाणिज्यिक वाहनों) को अनुमति नहीं दी जाएगी। नई दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से आने वाले यात्रियों को निजामुद्दीन, मथुरा रोड की ओर जाने के लिए पृथ्वीराज रोड और सुब्रमण्यम भारती मार्ग का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है। |

स्कोप कॉम्प्लेक्स, सीजीओ कॉम्प्लेक्स और आसपास के क्षेत्रों के कार्यालयों में काम करने वालों सहित दर्शकों और यात्रियों को दिनांक 23 और 24 जनवरी – 2023 को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है क्योंकि कश्मीरी गेट से एस्कॉर्ट मुजेसर जाने वाली वायलेट लाइन पर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन स्थित है जो यह लाइन कश्मीरी गेट, मंडी हाउस और केंद्रीय सचिवालय की अन्य लाइनों से जुडी हुई है।

## पार्क और राइड:–

दिल्ली मेट्रो के अलावा, दर्शकों को प्रगति मैदान (भैरों मार्ग), नेशनल स्टेडियम और त्यागराज स्टेडियम से सैन्य टैटू और जनजातीय नृत्य कार्यक्रम के लिए 'पार्क एंड राइड' योजना का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। दर्शक अपने वाहन आई.टी.पी.ओ. में पार्क कर सकते हैं। दर्शक प्रगति मैदान (भैरों मार्ग), नेशनल स्टेडियम और त्यागराज स्टेडियम में अपने वाहन पार्किंग कर सकते है और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम तक पहुंचने के लिए मुफ्त डी.टी.सी. शटल बस सेवा ले सकते है।



DP/9473/2023

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

ट्रैफिक प्रहरी बनें | से ऐप डाउनलोड करें Google play App Store | 24 घण्टे ट्रैफिक हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें - 1090 | तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें